कक्षा-छठी, विषय-हिंदी

अधिन्यास संख्या-2

(पाठ-1,2 अपठित काव्यांश, अनौपचारिक पत्र, मुहावरे और चित्र वर्णन)

प्रश्न-1 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

यह कदम का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे,
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया, बनता धीरे-धीरे |
ले देती यदि मुझे बाँसुरी, तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीचे हो जाती यह कदम की डाली |
तुम्हें नहीं कुछ कहता, पर मैं चुपके चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्मा,ऊँचे पर चढ़ जाता |
वहीं बैठ फिर बड़े मज़े से मैं बाँसुरी बजाता,
अम्मा-अम्मा कह बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता ||

(क)यमुना के तट पर किसका पेड़ है ?

(ख)बालक क्या बनना चाहता है ?

(ग) बालक अपनी माँ से कितने पैसे की बाँसुरी माँग रहा है ?

(घ) बालक पेड़ पर बैठकर क्या बजाना चाहता है ?

(ङ) 'पेड़' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

प्रश्न-2 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' इस कथन की व्याख्या करते हुए बताइए कि आप अपने जीवन में आई कठिनाइयों का सामना कैसे करते हैं ?

(शब्द मंजूषा- अभ्यास, सफलता, ऊँचाइयों , आत्मविश्वास, हताश, निरंतर, मेहनत, धैर्य, आशावादी)

प्रश्न-3 पाँचवी कक्षा की वार्षिक परीक्षा देते समय आपने किन-किन कठिनाइयों का सामना किया -इनके बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए |

प्रश्न-4 नीचे दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |

(क)हाथो के तोते उड़ जाना

अर्थ --

वाक्य --

(ख)रंगे हाथों पकड़ना

अर्थ ---

वाक्य--

प्रश्न-5 नीचे दिए गए चित्र को देखकर मन में उत्पन्न भावों को 50-60 शब्दों में लिखिए |